BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 22 जनवरी, 2025 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना सलेमपुर**

25 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित बाइक सवार लुटेरे से पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व 01 बाइक बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 22.01.2025 को थाना सलेमपुर पुलिस खेरपुर बम्बे पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुका तथा पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए तेजी से भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया तो कुछ दूर तिराहे पर जाकर बाइक फिसल कर गिर गयी अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। **गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 01. सम्राट उर्फ नीरज पुत्र संतोष निवासी पचदेवरा थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं**, घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व 01 बाइक बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का लुटेरा हैं जो दिनांक 03/04-07-2024 की रात्रि में थाना सलेमपुर पुलिस से मुठभेड के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए फरार हो गया था । जिसके सम्बन्ध में थाना सलेमपुर पर मुअसं-156/24 धारा 109,313,317(2) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत हैं। अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर महोदय द्वारा 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. सम्राट उर्फ नीरज पुत्र संतोष निवासी पचदेवरा थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर ।

बरामदगी-

1- 01 मोटरसाइकिल स्प्लेंडर नं0- DL 5SDF 8767
2- 01 तमंचा 315 बोर मय 03 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सलेमपुर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार अभियुक्त सम्राट उर्फ नीरज का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं-354/22 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर ।
2- मुअसं-106/22 धारा 392,411 भादवि थाना नरसैना जनपद बुलन्दशहर ।
3- मुअसं-94/22 धारा 392,411 भादवि थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर ।
4- मुअसं-118/22 धारा 392,411 भादवि थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर ।
5- मुअसं-146/22 धारा 356,392,411 भादवि थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर ।
6- मुअसं-47/22 धारा 34,379 भादवि थाना बीबीनगर जनपद बुलन्दशहर ।
7- मुअसं-156/24 धारा 109,313,317(2) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री अतुल कुमार चौहान प्रभारी निरीक्षक थाना सलेमपुर

2- व0उ0नि0 विजय सिंह, उ0नि0 मनोज कुमार, उ0नि0यूटी देवेन्द्र सिंह

3- है0का0 गुलफाम अली, का0 चालक अमित कुमार, होमगार्ड राकेश कुमार

मीडिया सेल बुलंदशहर